

# देश को बदलना है तो शिक्षा को बदलना होगा : डॉ. गीता नायक

- कालिदास कॉलेज में भारतीय शिक्षा दिवस समारोह मनाया गया

**उज्जैन। शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास के स्थापना सप्ताह के अंतर्गत शासकीय कालिदास कन्या महाविद्यालय, उज्जैन में भारतीय शिक्षा दिवस समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020, भारतीय ज्ञान परंपरा, मातृभाषा आधारित शिक्षा तथा राष्ट्र निर्माण में शिक्षा की भूमिका पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया।**

मुख्य वक्ता शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास की राष्ट्रीय सह-संयोजक परिवार में संवाद की भाषा डॉ. गीता नायक ने कहा कि देश को बदलना है तो शिक्षा को बदलना होगा। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 भारतीय भाषाओं को शिक्षा के केंद्र में स्थापित करती है। मातृभाषा को शिक्षा का प्रमुख माध्यम बनाकर विद्यार्थियों को उनकी प्रतिभा एवं रुचि के अनुरूप विषय चयन तथा अपनी भाषा-बोली में शिक्षा प्राप्त करने का अवसर प्रदान किया गया है। उन्होंने कहा कि शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास भारतीय शिक्षा पद्धति के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए निरंतर कार्यरत है। शिक्षा का उद्देश्य केवल रोजगार प्राप्त करना नहीं, बल्कि व्यक्ति का सर्वांगीण विकास, संस्कार निर्माण तथा राष्ट्र निर्माण में सक्रिय योगदान देना है।

यह जानकारी देते हुए न्यास के क्षेत्रीय संयोजक (प्रचार-प्रसार) डॉ. जफर महमूद ने बताया कि अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. वंदना गुप्ता ने की। उन्होंने लघुकथा के माध्यम से आधुनिक विज्ञान और प्राचीन भारतीय ज्ञान के समन्वय की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने छात्राओं से तकनीक का सकारात्मक एवं रचनात्मक उपयोग करने तथा उसके दुष्प्रयोग से बचने का आव्हान किया।

### प्राचीन भारत में स्त्री शिक्षा को समान माना

विशिष्ट अतिथि वरुण गुप्ता ने कहा कि प्राचीन भारत में स्त्री शिक्षा को समान महत्व प्राप्त था। डॉ. राम मोहन शुक्ल ने कहा कि नई शिक्षा नीति भारतीय ज्ञान परंपरा, भारतीय संस्कृति एवं जीवन मूल्यों पर आधारित है। अविनाश राठौर ने कार्यक्रम की भूमिका रखी। संचालन डॉ. कविता जैन मंगलम ने किया। अतिथियों का स्वागत डॉ. मनीष परमार, कमल किशोर कुल्मी, डॉ. अरविंद शर्मा, डॉ. मीना मोघे, डॉ. सरोजनी टोपनो ने किया। संगीत विभाग की छात्राओं ने सरस्वती वंदना एवं कुलगान की प्रस्तुति दी। आभार डॉ. अंजना बुंदेला ने ज्ञापित किया। संपूर्ण वंदे मातरम् के सामूहिक गायन के साथ समारोह का समापन हुआ। इस अवसर पर न्यास के रतनदीप मिश्रा, रवि भिलाला, जगदीश सिंह कुशवाह, कमल किशोर कुल्मी सहित महाविद्यालय के प्राध्यापकगण एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# पमनानी की मनमानी से रुका सती गेट का प्रोजेक्ट

## रहवासी, व्यापारी और नगर निगम ने संभाला मोर्चा, मंदिर के दोनों तरफ से होगा चौड़ीकरण, मार्ग का स्वरूप निखरेगा

**उज्जैन।** महाकाल की नगरी उज्जैन में सिंहस्थ-2028 की तैयारियां तेज गति से चल रही हैं। शहरभर में सड़क चौड़ीकरण, सौंदर्यीकरण और विकास कार्य युद्धस्तर पर किए जा रहे हैं। ऐसे में सती माता मार्ग के चौड़ीकरण को लेकर अब नया विवाद सामने आ गया है। शहर में चर्चा है कि भाजपा नेता रूप पमनानी द्वारा अपनी ओर के कुछ मकान-दुकानों को हटाने का विरोध किए जाने से पूरा प्रोजेक्ट प्रभावित हो रहा है।





जानकारी के अनुसार, सती माता गेट के एक हिस्से में तीन बार चौड़ीकरण किया जा चुका है, वहीं दूसरी ओर 4 से 5 मकान-दुकानों के कारण सती माता मंदिर और मार्ग का स्वरूप संतुलित नहीं बन पा रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि इस हिस्से को भी नियमानुसार हटाया जाए तो सती माता गेट का प्राचीन स्वरूप और अधिक निखरकर सामने आएगा तथा दोपहिया और चारपहिया वाहनों की आवाजाही भी सुगम हो जाएगी। शहरवासियों का कहना है कि सिंहस्थ-2028 को लेकर हजारों लोगों ने अपने मकान और दुकानें विकास कार्यों के लिए स्वेच्छा से हटाई हैं। लोगों का मानना है कि विकास के लिए यदि निजी संपत्ति का त्याग करना पड़े तो वह भी स्वीकार है, क्योंकि यह कार्य पूरे शहर और आने वाले श्रद्धालुओं के हित में है।

### अपनी ही सरकार के विकास का विरोध

वहीं शहर में यह चर्चा भी है कि यदि विकास कार्यों में भाजपा नेता रूप पमनानी इस तरह की हठधर्मिता करेंगे तो क्या संदेश आएगा। क्योंकि मध्य प्रदेश में भाजपा की सरकार है और भाजपा महाकुंभ में 50 करोड़ श्रद्धालुओं के लिए विकास कार्य कर रही है। ऐसे में किसी भी स्तर पर विरोध होता है तो इसका असर अन्य क्षेत्रों में चल रहे चौड़ीकरण अभियान पर भी पड़ सकता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि सिंहस्थ जैसे महापर्व को देखते हुए विकास कार्यों में किसी प्रकार की बाधा नहीं आनी चाहिए और सती माता गेट का प्राचीन स्वरूप भी भव्य रूप में सामने आना चाहिए।

### आकर्षक और भव्य दिखेगा मार्ग-सवारी के पहले मार्ग दुरुस्त

चर्चा यह भी है कि कंठाल चौराहे से गोपाल मंदिर तक यदि मार्ग का चौड़ीकरण एक समान किया जाए और सती माता गेट का स्वरूप संवारा जाए तो यह पूरा क्षेत्र आकर्षक और भव्य दिखाई देगा। इसके बावजूद कुछ हिस्से में निर्माण नहीं हटने से विकास कार्य अधूरा नजर आ रहा है। इधर नगर निगम, जिला प्रशासन और मेला प्रशासन लगातार विकास कार्यों की मॉनिटरिंग कर रहे हैं। नगर निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा, कलेक्टर रोशन कुमार सिंह तथा सिंहस्थ मेला अधिकारी आशीष सिंह स्वयं तैयारियों की निगरानी कर रहे हैं। क्षेत्रीय पार्षद रजत मेहता भी विकास कार्यों के पक्ष में सक्रिय बताए जा रहे हैं। सड़क और नाली निर्माण का कार्य तेजी से जारी है तथा महाकाल की सवारी से पहले इस पूरे मार्ग को व्यवस्थित करने की तैयारी की जा रही है। इसके लिए नगर निगम आयुक्त के साथ ही कलेक्टर और संभागायुक्त प्रतिदिन निरीक्षण कर कार्य में गुणवत्ता के साथ तेजी से करने के लिए कह रहे हैं।

# नगर निगम टीम ने परफेक्ट ट्रांसपोर्ट से डेढ़ क्विंटल प्लास्टिक जब्त किया

**उज्जैन।** नगर निगम द्वारा शहर को स्वच्छ एवं पॉलीथिन मुक्त बनाने के उद्देश्य से प्रतिबंधित प्लास्टिक के विरुद्ध लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में वार्ड क्रमांक 28 स्थित दूत तलाई क्षेत्र में स्थित परफेक्ट ट्रांसपोर्ट पर निरीक्षण के दौरान लगभग डेढ़ क्विंटल से अधिक प्रतिबंधित पॉलीथिन जब्त की गई। कार्रवाई के दौरान संबंधित ट्रांसपोर्ट संचालक पर स्वच्छता निरीक्षक ने 3 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया। इसी के साथ ही मालीपुरा स्थित होटल दिया के कर्मचारी ने खुले में कचरा फेंका इस पर होटल संचालक के विरुद्ध 4 हजार रुपए का स्पॉट फाइन लगाया। उक्त कार्रवाई नगर निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा के निर्देश पर स्वच्छता निरीक्षक मुकेश भाटी एवं स्वच्छता अमले की उपस्थिति में की गई। नगर निगम ने सभी ट्रांसपोर्ट संचालकों, व्यापारियों एवं होटल संचालकों को स्पष्ट चेतावनी दी है कि प्रतिबंधित पॉलीथिन का क्रय-विक्रय अथवा उपयोग किसी भी स्थिति में न करें तथा कचरा निर्धारित डोर-टू-डोर वाहन में ही डालें। खुले में कचरा फेंकने या प्रतिबंधित पॉलीथिन का उपयोग करते पाए जाने पर संबंधित व्यक्ति या संस्था के विरुद्ध नियमानुसार सख्त कार्रवाई एवं जुर्माना लगाया जाएगा, नगर निगम ने नागरिकों से भी अपील की है कि स्वच्छ एवं पर्यावरण-अनुकूल उज्जैन के निर्माण में अपना सहयोग दें तथा प्रतिबंधित पॉलीथिन का उपयोग पूरी तरह बंद करें।

## एक नजर में



### गौ माता के सम्मान रैली 30 जुलाई को

**उज्जैन।** श्री सेनापति काल भैरव गौ सेवा संगठन ने गौ माता के मृत शरीर को सम्मानपूर्वक समाधि देने की व्यवस्था लागू करने की मांग को लेकर काल भैरव घाट उज्जैन पर गुरु पूर्णिमा के दूसरे दिन, 30 जुलाई को संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष खड़ेवरी अघोरी बाबा योगी विष्णु नाथ महाराज के नेतृत्व में संगठन के सभी पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं सनातनी व गौभक्तों के द्वारा एकत्रित होकर जागरूकता रैली निकाली जाएगी। रैली को लेकर संगठन के पदाधिकारी विभिन्न सामाजिक एवं धार्मिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों को आमंत्रण पत्र देकर कार्यक्रम में अपने कार्यकर्ताओं के साथ शामिल होने का आग्रह कर रहे हैं। संगठन द्वारा रैली की तैयारियां जोर-शोर से की जा रही हैं। संगठन के कोषाध्यक्ष आदर्श सिंह तोमर ने बताया कि संगठन लंबे समय से सरकार से गौ माता के मृत शरीर को सम्मानपूर्वक समाधि देने के लिए कानून बनाने की मांग कर रहा है, लेकिन अब तक इस दिशा में कोई निर्णय नहीं लिया गया है। इसी मांग को लेकर 30 जुलाई को जागरूकता रैली निकाली जाएगी तथा प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर कानून लागू करने की मांग की जाएगी। इस मौके पर योगी संतोष नाथ, योगी बालकनाथ, योगी कुंभ नाथ, योगी सिद्धनाथ, योगी करण नाथ, राजेश गुरु सुंदरधाम उज्जैन, योगी अगस्त नाथ, धीरज, गौतम, भरत छावरे, कुशल, नितिन टांक, गगन सोनी और अन्य भक्तों सहयोगियों ने आकर गौमाता के नारे लगाकर गौ रक्षा करने का संकल्प लिया।

### गैस कनेक्शन बंद, चूल्हे नहीं जले, लोग परेशान

**उज्जैन।** गोवर्धनधाम नगर में सीवरेज प्रोजेक्ट के लिए खुदाई कर रही टाटा की सहयोगी कंपनी की जेसीबी ने पाइप और गैसलाइन फोड़ दी। इसकी वजह से गोवर्धनधाम नगर, परवानानगर और सिंधी कॉलोनी के 500 से ज्यादा गैस कनेक्शन बंद हो गए। घरों में चूल्हे नहीं जले और लोग चाय-नाश्ते के लिए तरस गए। टूट-फूट इतनी बड़ी है कि 16 घंटे बाद भी गैस कंपनी के कर्मचारी रिपेयरिंग नहीं कर सके हैं। 20 लोगों की टीम मौके पर डटी हुई है। दरअसल, सीवरेज प्रोजेक्ट को डेडलाइन में पूरा करने के लिए टाटा के साथ अन्य कंपनियों से भी काम करवाया जा रहा है। करीब 8 साल से चल रहे इस प्रोजेक्ट की गति इतनी धीमी है कि कई कॉलोनियों में अब तक कनेक्शन ही नहीं हो सके हैं। नए शहर में आने वाली गोवर्धनधाम नगर कॉलोनी में गुरुवार की शाम कंपनी ने खुदाई का काम शुरू किया था। मौके पर पीएचई और गैस कंपनी के कर्मचारी भी मौजूद थे। सीवरेज कंपनी के जेसीबी चालक ने खुदाई शुरू की और फिर जेसीबी के पंजे इतनी तेजी से चलाए कि पाइप और गैसलाइन दोनों फूट गई। इस वजह से सड़कों पर पानी बह निकला। गैस भी रिसकर बाहर आने लगी। जिस जगह पाइपलाइन फूटी थी, वहां भूमिगत जलस्तर काफी है। गैस कंपनी के कर्मचारी पूरी रात गड्ढे से पानी निकालते रहे। सुबह 11 बजे तक पाइपलाइन ठीक नहीं हो सकी थी।

### मुनि प्रणीत सागर का मंगल प्रवेश कल



**उज्जैन।** आचार्य विशुद्ध सागर महाराज के शिष्य मुनि 108 प्रणीत सागर महाराज ससंघ का चातुर्मास मंगल प्रवेश 12 जुलाई को लक्ष्मीनगर स्थित शांतिनाथ दिगंबर जैन मंदिर में होगा। मुनि के मंगल प्रवेश को लेकर दिगंबर जैन समाज द्वारा मंदिर में भव्य तैयारियां की जा रही हैं। मंदिर सचिव सुशील लुहाड़िया और समाज सचिव सचिन कासलीवाल ने बताया कि मुनि ने ससंघ चातुर्मास के लिए 22 जून को कोटा से उज्जैन की ओर विहार किया था। 12 जुलाई को सुबह 8 बजे फ्रीगंज स्थित पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर से चल समारोह प्रारंभ होगा। यह समारोह शहीद पार्क होते हुए लक्ष्मीनगर के प्रमुख मार्गों से गुजरकर शांतिनाथ दिगंबर जैन मंदिर पहुंचेगा। मंगल प्रवेश के बाद मंदिर में मुनि के प्रवचन होंगे और तत्पश्चात आहार चर्या संपन्न होगी। आयोजन को लेकर शांतिनाथ दिगंबर जैन मंदिर लक्ष्मीनगर ट्रस्ट, शांतिनाथ महिला मंडल और सकल दिगंबर जैन समाज ने सभी श्रद्धालुओं से गुरुदेव के चातुर्मास मंगल प्रवेश और चल समारोह में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने का आग्रह किया है।

# वीर भारत संग्रहालय के निर्माण कार्य का निगम आयुक्त मिश्रा ने किया निरीक्षण

**उज्जैन।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देशानुसार सिंहस्थ-2028 की तैयारियों के अंतर्गत कोठी रोड स्थित ऐतिहासिक कोठी महल को वीर भारत संग्रहालय के रूप में विकसित करने का कार्य तेजी से प्रगति पर है। शुक्रवार को निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा ने स्मार्ट सिटी अधिकारियों के साथ निर्माण एवं जीर्णोद्धार कार्यों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा ने संग्रहालय के प्रथम तल पर चल रहे स्लैब कार्य, प्लास्टर, क्रैक स्टिचिंग, पॉइंटिंग सहित अन्य निर्माण कार्यों का अवलोकन किया, प्रथम तल पर कार्य की धीमी प्रगति पर उन्होंने संबंधित ठेकेदार एवं कंसल्टेंट के प्रति नाराजगी व्यक्त करते हुए कार्य की गति बढ़ाने तथा गुणवत्ता से निर्माण कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। निगम आयुक्त ने स्मार्ट सिटी अधिकारियों को कार्य की नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने तथा वर्षा ऋतु के दौरान सभी सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन कराने के निर्देश भी दिए। इस दौरान उन्होंने भवन की एक्सटर्नल कोटिंग के सैंपल का भी निरीक्षण किया और गुणवत्ता बनाए रखने के निर्देश प्रदान किए। निरीक्षण के दौरान स्मार्ट सिटी प्रभारी कार्यपालन यंत्री कमलकांत सक्सेना, सहायक यंत्री दीपक टोकरिया, संबंधित ठेकेदार एवं कंसल्टेंट सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। इसी के साथ निगम आयुक्त मिश्रा ने छत्रीचौक से सत्यनारायण मंदिर तक सड़क चौड़ीकरण कार्य के अंतर्गत ढाबा रोड और से छत्री चौक पर लेवल कर पीक्यूसी सड़क निर्माण के निर्देश दिए।

# ऑटो चालक पर चाकू से हमला करने वाला एक आरोपी हिरासत में

- रेलवे स्टेशन के बाहर सुबह ऑटो चालक पर किया था हमला

**उज्जैन। रेलवे स्टेशन के बाहर गुरुवार सुबह ऑटो चालक पर दो बदमाशों ने चाकू से हमला किया था। सीसीटीवी कैमरे का फुटेज आने पर देवास गेट पुलिस ने बदमाशों की पहचान की और रात में एक को हिरासत में ले लिया। बदमाश अंबर कॉलोनी का रहने वाला है और ऑटो चलाता है।**

देवास गेट थाना पुलिस ने बताया कि रेलवे स्टेशन के बाहर हुई चाकूबाजी में सचिन गुप्ता पिता सुरेन्द्र गुप्ता, 47 वर्ष, निवासी विजय नगर, उण्डासा रोड़ गंभीर घायल हुआ था जिसे चरक अस्पताल में भर्ती किया गया था जहां से परिजन उसे उपचार के लिए निजी अस्पताल ले गए। पुलिस ने अस्पताल पहुंचे घायल के बयान दर्ज कर मामले में दो अज्ञात हमलावरों के खिलाफ धारा 296(बी), 118(1), 351(2) बीएनएस का मामला दर्ज किया था और चाकू मारने वालों की पहचान करने के लिए रेलवे स्टेशन के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे देखे थे। पान की दुकान पर लगे कैमरे में चाकू बाजी की घटना दिखाई दी थी जिसमें बदमाश हमला करते दिखाई दे रहे थे पुलिस ने फुटेज के आधार पर दोनों की पहचान के प्रयास शुरू किये। एक बदमाश अमन पिता राजेंद्र यादव निवासी अंबर कॉलोनी का रहने वाला सामने आया। दूसरा साथी अक्का था। दोनों की गिरफ्तारी के प्रयास शुरू किए गए रात में पुलिस ने अमन यादव को हिरासत में ले लिया जिससे पूछताछ कर उसके दूसरे साथी की जानकारी जुटा जा रही है। वहीं हमले में प्रयुक्त चाकू बरामद करने का प्रयास किया जा रहा है। अमन भी ऑटो चालक है और सवारी बैठाने की बात को लेकर दोनों के बीच विवाद हुआ था। पुलिस द्वारा अमन का आपराधिक रिकार्ड भी खंगाल जा रहा है।

### देवास रोड पर अज्ञात वाहन ने वृद्ध को कुचला, मौत

उज्जैन। देवास रोड पर रात 1.30 बजे के लगभग अज्ञात वाहन ने वृद्ध को कुचल दिया। मौके पर ही वृद्ध की मौत हो गई। पुलिस अज्ञात वाहन की तलाश कर रही है। शुक्रवार सुबह मृतक वृद्ध का पोस्टमार्टम कराया गया। नागझिरी थाना पुलिस ने बताया कि देवास रोड शिवांश वेली कॉलोनी के सामने रात 1.30 बजे सड़क दुर्घटना में एक वृद्ध की मौत होने की सूचना मिलने पर पुलिस पहुंची थी। अज्ञात वाहन द्वारा उसे कुचल दिया गया था। घटनास्थल से वृद्ध की बॉडी अस्पताल पहुंचाई गई और उसकी पहचान के प्रयास शुरू किए गए। आज सुबह पता चला कि मृतक लालपुर का रहने वाला रमेश पिता रघुनाथ 55 साल है। वह प्लास्टिक का सामान और भंगार एकत्रित कर बेचने का काम करता था और नशे का आदी भी था। रात में कई बार घर भी नहीं लौटता था। पुलिस के अनुसार फिलहाल मामला जांच में है अज्ञात वाहन की तलाश में आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे देखे जा रहे हैं।

# किसानों को बांटे ऋण स्वीकृति पत्र, अभियान में रोपे पौधे

### खेड़ा खजुरिया में मध्य प्रदेश ग्रामीण बैंक ने आयोजित किया किसान माह कार्यक्रम




**उज्जैन।** मध्य प्रदेश ग्रामीण बैंक द्वारा खेड़ा खजुरिया में किसान माह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड, कृषि कार्यों और एफपीओ के अंतर्गत विभिन्न ऋणों के स्वीकृति पत्र वितरित किए गए। साथ ही पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए पौधरोपण भी किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मध्य प्रदेश ग्रामीण बैंक के महाप्रबंधक देव दत्त थे। उनकी उपस्थिति में आरुधारा फार्मर्स प्रोड्यूसर कंपनी के माध्यम से कस्टम हायरिंग योजना के तहत हितग्राही कैलाश चंद्र मालवीय, हरिराम चौधरी और जगदीश अंजना को ऋण स्वीकृति पत्र प्रदान किए गए।

इस दौरान शासन के एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत हॉस्टल परिसर में महाप्रबंधक देव दत्त सहित अन्य अतिथियों ने नीम और जामफल के पौधे रोपे। विदित हो कि अभी जिले में एक पेड़ मां के नाम अभियान चलाया जा रहा है। जिसके चलते अनेक स्थानों पर पौधों का रोपण किया जा रहा है।

### कार्यक्रम में इनकी रही विशेष उपस्थिति

इस अवसर पर क्षेत्रीय कार्यालय के साख प्रमुख राजेंद्र परमार, साख विभाग के अनिल शर्मा, महिदपुर शाखा प्रबंधक राहुल तिवारी, घोसला शाखा प्रबंधक राहुल मालवीय, हॉस्टल प्रभारी रमेश चंद्र मालवीय, हिंदू लाल परिहार, अमरलाल परमार, ललिता परमार, जगदीश जाट, मोहम्मद जाबीर, शंकर व्यास, रघुवीर सिंह और युवराज सिंह सहित बड़ी संख्या में किसान व ग्रामीण मौजूद रहे।

# बोहरा बाखल में चोरी, 5 दिन बाद केस दर्ज

- गोद भराई कार्यक्रम में गया था परिवार और घर में हो गई वारदात

**उज्जैन।** 5 दिन पहले गोद भराई के कार्यक्रम में गए बोहरा परिवार के मकान में लाखों की चोरी हो गई थी। पुलिस ने 5 दिन बाद मामले में प्रकरण दर्ज किया है। चोरी की आशंका परिचितों पर जताई गई है। जीवाजीगंज थाना क्षेत्र के कमरी मार्ग स्थित वजीरपुर में रहने वाले फखरुद्दीन शेख पिता हातिम के मकान में 5 जुलाई को चोरी की वारदात होना सामने आया था। मामले की शिकायत पुलिस से की गई थी जांच के बाद मामले में बीती रात पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया। फखरुद्दीन शेख ने बताया कि वह हार्डवेयर की दुकान संचालित करता था लेकिन घाटा होने पर उसमें दुकान बंद कर सारा सामान भेज दिया था। जिसके 14 लाख रुपए घर में रखे थे, रुपयो के साथ घर से एक ब्रेसलेट और कर सोने की अंगूठी भी चोरी हुई है। वहां गोद भराई के कार्यक्रम में गए थे इस दौरान चोरी की वारदात हुई है। बोहरा परिवार को आशंका है की वारदात में किसी परिचित का हाथ हो सकता है फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है संभावना है कि जल्द मामले का खुलासा कर दिया जाएगा।

### चंचल डागर संभाग अध्यक्ष बने

**उज्जैन।** अखिल भारतीय वाल्मीकि महापंचायत के प्रदेश अध्यक्ष नवीन पारछे की अनुशंसा पर चंचल डागर को उज्जैन संभाग अध्यक्ष के पद पर मनोनीत किया गया है। उनके मनोनयन पर प्रदेश कार्यकारिणी ने उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। संभाग का दायित्व मिलने पर चंचल डागर ने कहा कि वे इस जिम्मेदारी का पूरी ईमानदारी से निर्वहन करेंगे। जल्द ही संभाग की कार्यकारिणी का गठन किया जाएगा। वाल्मीकि समाज के लोगों के साथ प्रतिदिन हो रहे शोषण को रोकने और समाज के उत्थान के लिए सभी को एकजुट कर कार्य किया जाएगा। चंचल डागर को नई जिम्मेदारी मिलने पर मप्र लघु वेतन कर्मचारी संघ जिला शाखा उज्जैन की ओर से जिला अध्यक्ष हेमराज घावरी, मुकेश रायकवार, सुनील खत्री, रवि चौहान और भैरुलाल मालवीय आदि ने बधाई दी है।

**एक नजर में** ▶ श्रद्धालु भगवान के दर्शन-पूजन कर मोबाइल से चाहे जितना दान दे सकेंगे

# मंगलनाथ मंदिर में दर्शन पूजा के साथ दान के लिए बैंक ने लगाई ई-हुंडी

**उज्जैन।** मंगलनाथ मंदिर में भक्त अब दर्शन-पूजन के साथ हाइटेक तकनीक से ई-हुंडी पर दान भी कर सकेंगे। यह हुंडी मंदिर परिसर में बनाई गई है जहां पर मोबाइल से स्कैनर के माध्यम से भक्त अपनी श्रद्धा के अनुसार चाहे जितनी राशि दान कर सकेंगे।



दान की यह अत्याधुनिक व्यवस्था इंडियन ओवरसीज बैंक की उज्जैन स्थित ब्रांच ने सीएसआर गतिविधि और सामाजिक सरोकार के तहत की है। हालांकि मंदिर में स्कैनर पर दान की सुविधा पहले से है। लेकिन बैंक ने इसे और अधिक सरल आधुनिक बनाते हुए इसके लिए मंदिर परिसर में परिक्रमा मार्ग पर एक ई-हुंडी बना दी गई है जिस पर श्रद्धालु अत्यंत सरलता पूर्वक बहुत ही कम समय में चाहे जितने भी राशि दान कर सकता है। भगवान मंगलनाथ के दरबार में दर्शन के लिए आ रहे श्रद्धालु इस डिजिटल सुविधा का लाभ लेकर दान दे रहे हैं। मंगलनाथ मंदिर प्रबंध समिति के प्रशासक केके पाठक ने बताया कि बैंक की यह पहल न केवल तकनीकी रूप से उन्नत, बल्कि जन कल्याणकारी भी है। इससे भक्तों को दान के लिए एक बेहद सुरक्षित और आधुनिक माध्यम मिल गया है। इस डिजिटल व्यवस्था से मंदिर की दान प्रणाली पहले से कहीं अधिक पारदर्शी हो गई है।

### सांसद डीके अरुणा ने किए महाकाल दर्शन

महबूब नगर की सांसद डीके अरुणा ने शुक्रवार को ज्योतिर्लिंग भगवान महाकाल के दर्शन किए। मंदिर प्रबंध समिति की ओर से श्रीमती अरुणा का स्वागत किया गया। पंडे-पुजारियों ने मंत्रोच्चार कर उनका पूजन संपन्न कराया। इसके बाद उन्होंने नंदीहाल से दर्शन कर आशीर्वाद लिया फिर कोटितीर्थ कुंड पर जाकर फोटो भी खिंचवाए।